जाह्नवी कपूर ने कराया अब तक का सबसे हॉट फोटोशूट

जाह्नवी कपूर अपने ग्लैमरस अंदाज के कारण स्टार बनने से पहले से ही लोगों के बीच में काफी फेमस रही हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं जो उनकी तस्वीरों और विडियोज को जमकर लाइक करते दिखते हैं। एक बार फिर जाह्नवी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया है जिसमें वह काफी हॉट अवतार में नजर आ रही हैं।

दरअसल, जाह्नवी ने एक मैगजीन का कवरपेज शेयर किया है जिसमें उन्हें फीचर किया गया है। इस फोटो में जाह्नवी रेड हॉट ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। रेड फ्रिल ड्रेस का डीप वी नेक उनके सेक्सी लुक में उम्फ फेक्टर ऐड करता दिख रहा है।

वैसे इस मैगजीन के लिए हुए फोटोशूट से जाह्नवी के और भी लुक्स सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इनमें भी जाह्नवी गॉरजस दिखाई दे रही हैं। ब्लैक शॉर्ट ड्रेस और लॉन्ग बूट्स जहां उनके फिट फिगर को हाइलाइट करते दिखे तो वहीं वाइट ड्रेस में वह किसी एंजल की तरह लग रही हैं। फैन्स ने जाह्नवी के फोटोज को लाइक करते हुए उन्हें स्टनिंग, स्मोकी हॉट, सेक्सी, हॉट और ब्यूटीफुल बताया। जाह्नवी के इंस्टाग्राम पर शेयर फोटो को अब तक लाखों लाइक्स मिल चुके हैं।

बता दें कि, यह फोटोशूट मैगजीन ने विमिन पावर को सेलिब्रेट करने के लिए करवाया था। उन्होंने अपने कवरपेज के लिए जाह्नवी को चुना जो छोटी सी उम्र में ही स्टारकिड होने के बावजूद कई परेशानियों से निकलते हुए बॉलिवुड में सफल डेब्यू कर चुकी हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हिना खान को रिप्लेस करने वाली हैं अलीशा पंवार?

टेलिविजन की सबसे पॉप्युलर ऐक्ट्रेस में से एक हिना खान जल्द ही कसौटी ज़िन्दगी के 2' सीरियल से अलग होने को तैयार हैं। फैंस का सवाल है कि हिना के जाने के बाद शो में कोमोलिका का किरदार कौन निभाएगा? शो निर्माताओं ने फैंस के इस सवाल का जवाब ढूंढ लिया है। मेकर्स को अलीशा पंवार के रूप में नई कोमोलिका मिल गई है। खबरों की मानें तो, हाल ही में इश्क में मरजावां से अलग होने का ऐलान कर चुकीं अलीशा जल्द ही शो में नजर आने वाली हैं। हिना जल्द ही अपने फिल्म कमिटमेंट्स के कारण शो छोड़ने वाली हैं।

हालांकि अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अभी कसौटी ज़िन्दगी के 2' में हिना खान के अलावा अनुराग के रूप में पार्थ समथान, प्रेरणा के रूप में एरिका फर्नांडीस दिख रही हैं। शो की बात करें, तो प्रेरणा अनुराग के बच्चे की मां बनने वाली है और वह खुद को अनुराग की पहली पत्नी साबित करने में कामयाब रही है। वहीं अनुराग प्रेरणा की देखभाल करेगा और कोमोलिका को बताता है कि प्रेरणा ही उसकी प्रायॉरिटी है। इसके बाद कोमोलिका अब प्रेरणा और उसके पेट में पल रहे बच्चे को चोट पहुंचाने की कोशिश करेगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल में संस्कारी बहू अवतार ने हिना खान को काफी पॉप्युलर कर दिया था। हिना ने 8 साल बाद इस शो को छोड़ दिया और बिग बॉस 10, खतरों के खिलाड़ी समेत कुछ अन्य रिऐलिटी शोज में दिखीं थीं। जबकि इश्क में मरजावां' सीरियल की शुरूआत में अलीशा डबल रोल निभा रही थीं। वह शो में पॉज़िटिव (आरोही) और नेगेटिव (तारा) दोनों रोल निभा रही थीं। लेकिन शो के मेकर्स ने 2018 में आरोही के रोल के लिए निया शर्मा को साइन कर लिया, जिसके बाद शो में अलीशा के लिए बहुत गुंजाइश नहीं बाकी नहीं रह गई।

देसी लुक, ब्रज बोली और होम साइंस पढ़ती नजर आएंगी नुसरत भरूचा

ऐक्ट्रेस नुसरत भरूचा अब तक कई बार अपने ग्लैम अवतार में नजर आ चुकी हैं। अब खबर है कि वह अपना ग्लैम अवतार छोड़कर एक छोटे शहर के कॉलेज में होम साइंस पढ़ेंगी। अपनी अगली फिल्म में वह होम साइंस की स्टूडेंट का रोल कर रही हैं। इस फिल्म में वह देसी लुक में नजर आएंगी।

नुसरत भरूचा आयुष्मान खुराना स्टारर ड्रीम गर्ल में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनका अलग ही अवतार नजर आएगा। सलवार-कुर्ती में नुसरत होम साइंस की पढ़ाई करती हुई दिखाई देंगी। इसके अलावा वह ब्रज बोली बोलती हुई दिखाई देंगी। इसके पहले नुसरत प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी में पूरे ग्लैमरस अवतार में नजर आई थीं।

रिपोर्ट के अनुसार नुसरत और आयुष्मान जन्माष्टमी के एक गाने की शूटिंग भी कर चुके हैं। इस गाने को गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किया है। इस गाने में लगभग 500 डांसर्स ने डांस किया है। बता दें कि फिल्म में अन्नु कपूर, मनजोत सिंह और आयुष्मान खुराना भी महिलाओं के रूप में नजर आएंगे।

श्रीदेवी को मिले किरदार को निभाना आसान नहीं था: माधुरी

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने का कहना है कि उनके लिए फिल्म कलंक में उस किरदार को निभाना मुश्किल और भावनात्मक रहा जिसे पहले श्रीदेवी निभाने वाली थीं। कई सितारों से सजी करण जौहर की फिल्म कलंक में माधुरी बहार बेगम के किरदार में हैं। पिछले साल श्रीदेवी के निधन के बाद यह किरदार माधुरी को ऑफर किया गया। फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर माधुरी से जब पूछा गया कि यह जानते हुए कि पहले इस किरदार को श्रीदेवी करने वाली थीं कलंक के सेट पर उन्हें (माधुरी) कैसा महसूस होता था। इस पर माधुरी ने कहा, सबसे पहले, उनके निधन की खबर हमारे लिए बहुद दुख की बात थी। जब मुझे किरदार निभाने का प्रस्ताव मिला तो यह मेरे लिए आसान नहीं था। मेरे मन में उनके प्रति बहुत सम्मान है। वह एक अच्छी अभिनेत्री और एक अच्छी इंसान भी थीं। किसी के किरदार में ढलना..जब आप उसे एक अभिनेत्री के तौर पर देखते हैं, तो यह एक अलग परिदृश्य होता है क्योंकि किरदार में आप अपना इनपुट डालते हैं लेकिन क्योंकिवह फिल्म का हिस्सा थीं सेट पर हम उनको याद किया करते थे। उन्होंने कहा, जैसे ही आप काम करना शुरू करते हैं, आपको आगे बढ़कर अपना काम करना होता है..मैंने यह किया, लेकिन उन्हें याद भी किया। संजय दत्त, वरुण धवन, आदित्य रॉय कपूर, आलिया भट्ट और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत व अभिषेक वर्मन निर्देशित कलंक 17 अप्रैल को रिलीज हो रही है।